>

Title: Need to give priority in army to youth hailing from Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद के अजमेर का ब्यावर, जिला पाली का जैतारन तथा राजसमंद जिला का भीम और आसपास का क्षेत्र जो मगरा क्षेत्र कहलाता है तथा इसमें एक बड़ा पहाड़ी क्षेत्र है जिसमें खेती नाम मात्र की होती है तथा कोई दूसरा उद्योग अथवा व्यवसाय नहीं है। इस क्षेत्र में रावत, चीता और मेहरात जैसी जातियां निवास करती हैं। इन पहाड़ी, लड़ाकू और वीर लोगों के लिए ब्रिटिश शासन के समय में एक विशेष बटालियन इनके नाम से सेना में होती थी। लेकिन आजादी के बाद वह बटालियन तोड़ दी गई। इस क्षेत्र के लोग पहाड़ी होने के कारण शारीरिक कद काठी में मैदानी लोगों के मुकाबले में कम ठहर पाते हैं जबकि वीरता में इन लोगों का मुकाबला नहीं है तथा इस क्षेत्र के प्रत्येक परिवार का फौज में प्रतिनिधित्व रहा है। अब इन लोगों का फौज में चयन कम हो रहा है। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि इनको सेना की भर्ती में पहाड़ी लोगों की तरह प्राथमिकता दी जाए जिससे इनकी बेरोजगारी दूर करने में मदद मिल सके।